हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, मंगलवार, 18 नवंबर 2025
भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

12 धान खरीदी केंद्र की मांग पर गुस्साए किसानों ने...

12 पैराडाइज स्कूल के बच्चों ने ऑक्सीवनऔर लिमदरहा..


## खबर संक्षेप

### नशा मुक्त भारत अभियान पर आज शपथ समारोह

**कांकेर।** नशा मुक्त भारत अभियान (एनएमबीए) के पांच साल पूरा होने पर 18 नवम्बर को जिले में व्यापक स्तर पर शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किए जाएंगे। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने जिले के सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है कि अपने विभाग के साथ-साथ अधीनस्थ कार्यालयों, आम जनता, जनप्रतिनिधियों, जिला में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं सहित सभी वर्गों को इस अभियान में शामिल करें। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए क्यू आर कोड को स्कैन कर ऑनलाइन माध्यम से व्यापक स्तर पर नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत शपथ कराना सुनिश्चित करें।

### शिविर में 54 श्रमिकों का पंजीयन किया गया

**कांकेर।** नियद नेल्लानार योजनांतर्गत श्रम विभाग कांकेर द्वारा विकासखण्ड कोयलीबेड़ा के ग्राम गट्टापाल में श्रमिकों के पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 47 असंगठित श्रमिकों एवं 07 भवन निर्माण श्रमिकों का नवीन पंजीयन किया गया। साथ ही छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल योजनांतर्गत नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना के तहत 07 पात्र हितग्राहियों का ऑनलाइन इन्द्राज किया गया। शिविर में ग्राम पंचायत के सरपंच, पंचगण, श्रमिक एवं श्रम विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### कलेपरस स्कूल में आनंद मेले का हुआ आयोजन

**कांकेर।** शासकीय उमावि कलेपरस अंतागढ़ में बाल दिवस के उपलक्ष्य में आनंद मेला का आयोजन किया गया, जिसमें छठवीं से बारहवी तक के बच्चों ने विभिन्न स्थानीय एवं लोकप्रिय व्यंजनों के स्टाल लगा कर बजार एवं गणितीय शैली को जाना और समझा। शाला शेष पेज 10 पर

## विरोध : सड़कों पर बाहरी व्यापारियों का कब्जा, स्थानीय व्यापारियों में आक्रोश

# अवैध कारोबार पर व्यापारियों का हल्लाबोल व्यापारी संघ ने 24 घंटे का दिया अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

- बिना जीएसटी और बिना पहचान पत्र के हो रहा खुलेआम व्यापार, स्थानीय दुकानदारों के धंधा प्रभावित

नगर भानुप्रतापपुर के बाजार क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे अवैध और अनियंत्रित व्यापार ने स्थानीय कारोबारियों के सब्र को तोड़ दिया है। मुख्य चौक से लेकर चारों दिशाओं तक सड़क किनारे फैल चुकी बाहरी व्यापारियों की अस्थायी दुकानें नगर की आर्थिक और यातायात व्यवस्था को चरमराने लगी हैं। शहर के व्यवस्थित व्यापार और कानून-सुव्यवस्था पर पड़ रहे इसके दुष्प्रभाव को देखते हुए व्यापारी संघ भानुप्रतापपुर ने सोमवार को नगर पंचायत और थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि एक दिन के भीतर प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो वे धरने के लिए बाध्य होंगे।



### नियमों के विरूद्ध लग रहीं दुकानें

व्यापारी संघ ने यह भी स्पष्ट किया है कि यह अस्थायी दुकानें न केवल नियमों के विरुद्ध हैं, बल्कि शहर के यातायात को भी बुरी तरह प्रभावित कर रही हैं। मुख्य मार्गों पर लगने वाली अवैध दुकानें वाहनों की आवाजाही में बाधा पैदा करती हैं। सरकारी अस्पताल, सरकारी भवनों के सामने लगाए जाने वाले स्टॉल से मरीजों, राहगीरों और कर्मचारियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार तो स्थिति इतनी गंभीर हो जाती है कि आपातकालीन वाहन भी प्रभावित होते हैं।

व्यापारी संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि बाहरी क्षेत्रों से आए कई व्यापारी बिना किसी वैध पहचान जैसे जीएसटी पंजीयन, आधार कार्ड या स्थानीय परिचय के सड़क किनारे दुकानें लगाकर जूते-चप्पल, रेडीमेड कपड़े, बर्तन, खिलौने, इलेक्ट्रॉनिक सामान और फर्नीचर सहित विभिन्न वस्तुओं की बिक्री कर रहे हैं। संघ का कहना है कि इन अवैध ठेलों और दुकानों ने पंजीकृत दुकानदारों की बिक्री पर सीधा असर डाला है। नगर पंचायत क्षेत्र में इस समय लगभग 450 दुकानें पंजीकृत हैं और इनमें से करीब 250 व्यापारी किराए की दुकानों में व्यापार संचालन करते हैं। किराया, टैक्स, बिजली बिल और अन्य खर्चों के बीच उन्हें पहले ही संघर्ष करना पड़ रहा है। व्यापारियों का कहना है कि ऐसे समय में सड़क पर बैठकर बिना टैक्स, बिना अनुमति और बिना बिल की बिक्री करने वाले बाहरी व्यापारी स्थानीय आर्थिक ढांचे को नुकसान पहुंचा रहे हैं। व्यापारी संघ ने ज्ञापन में मांग की है कि नगर पंचायत और पुलिस प्रशासन संयुक्त कार्रवाई कर रोड पर मौजूद सभी बाहरी अवैध व्यापारियों को तत्काल शेष पेज 10 पर



### दुकानदार नहीं लेते परमिशन

संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि इन बाहरी व्यापारियों से शासन को किसी प्रकार का राजस्व भी प्राप्त नहीं होता। वे बिल नहीं काटते, न ही नगर पंचायत या किसी विभाग से अनुमति लेते हैं। इसके विपरीत स्थानीय व्यापारी टैक्स, पंजीयन शुल्क और नगर पंचायत को मिलने वाले सभी शुल्क समय पर जमा कर प्रशासनिक व्यवस्था को सहयोग करते हैं।

### कार्रवाई नहीं करने पर होगा चरणबद्ध आंदोलन

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि यदि 24 घंटे के भीतर प्रशासन ठोस कदम नहीं उठाता तो व्यापारी संघ चरणबद्ध आंदोलन की शुरुआत करेगा। पहले चरण में शांतिपूर्ण धरना और प्रदर्शन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। व्यापारी संघ ने उम्मीद जताई कि नगर पंचायत और पुलिस विभाग व्यापारियों की समस्या को गंभीरता से लेकर तत्काल आवश्यक कार्रवाई करेगा, ताकि शहर में व्यवस्था और व्यापार दोनों संरक्षित रह सकें।

### मौत के 4 प्रकरणों पर 16 लाख की सहायता मंजूर

**कांकेर।** कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए आकाशीय बिजली गिरने तथा सर्प काटने से मृत्यु होने के 04 प्रकरणों में मृतकों के निकटतम आश्रितों को चार-चार लाख रूपए की मान से 16 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत की है। नरहरपुर तहसील अंतर्गत ग्राम चंवाड़ के 52 वर्षीय राजकुमार निषाद की आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनकी पत्नी ममता निषाद के लिए चार लाख रूपए तथा ग्राम डुमरपानी निवासी 35 वर्षीय रामभाऊ नेताम की सर्प काटने से मृत्यु होने के कारण पत्नी चिन्ताबाई नेताम के लिए चार लाख रूपए की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार कांकेर तहसील के ग्राम पीढ़ापाल निवासी 60 वर्षीय धनराज पोया की सर्प काटने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनकी पत्नी प्रमिला के लिए चार लाख रूपए तथा सरोना तहसील के ग्राम चोरिया निवासी 65 वर्षीय बिंदा कुंजाम की सर्प काटने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनके निकटतम आश्रित सगाबाई, सगन और सगउ के लिए संयुक्त रूप से चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि कलेक्टर द्वारा स्वीकृत की गई है।

## दुधावा में शराब के नशे में उत्पात मचाने पर दो युवक जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुधावा/सरोना

- राहगीरों व व्यापारियों के साथ विवाद और मारपीट की कोशिश

तहसील के अंतर्गत दुधावा चौक में देर रात शराब के नशे में उत्पात मचा रहे दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से दोनों को जिला जेल कांकेर भेज दिया गया। दोनों आरोपी अमेन्द्र यादव और रविन्द्र यादव पिछले काफी समय से नशे में मोहल्ले में शोर-शराबा व गाली-गलौज कर लोगों को परेशान करते चले आ रहे थे। गांववाले कई बार समझाइश दे चुके थे, लेकिन दोनों युवकों की हरकतों में कोई सुधार नहीं हो रहा था। 15 नवंबर की रात करीब 9 बजे पुलिस को फोन पर जानकारी मिली कि दुधावा चौक में कुछ युवक शराब के नशे में राहगीरों, कार चालकों और बाजार में आए व्यापारियों को रोककर उनसे वाद-विवाद कर रहे हैं और मारपीट पर उतारू हो गए हैं। जानकारी मिलते ही चौकी दुधावा से पुलिस टीम तत्काल मौके पर रवाना हुई। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो अमेन्द्र और रविन्द्र यादव नशे में धुत होकर न केवल गाली-गलौज कर रहे थे, बल्कि वहां मौजूद शेष पेज 10 पर



## आदिवासी युवा आदान-प्रदान के तहत 20 प्रतिभागी बेंगलुरु रवाना

**पखांजूर।** मेरा युवा भारत तथा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित 17वें आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 20 प्रतिभागी आज बैंगलोर भ्रमण के लिए रवाना हुए। यह पहल आदिवासी युवाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, सामाजिक जागरूकता और राष्ट्रीय एकता की भावना को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

कांकेर जिले से 20 प्रतिभागी हैं, जिनके चयन की जिम्मेदारी बीएसएफ सीमा सुरक्षा बल द्वारा निभाई गई है। यह दल 17 से 23 नवम्बर तक दिल्ली में आयोजित होने वाले शिविर में भाग लेगा, जहाँ प्रतिभागियों को राष्ट्रीय संस्थानों का भ्रमण, सांस्कृतिक आदान-प्रदान शेष पेज 10 पर






## मानस सम्मेलन में श्रीराम नाम के गायन से भक्ति व आध्यात्मिक ऊर्जा का हुआ संचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

- मानस युवा शक्ति संगठन के मानस सम्मेलन बागोडार में उमड़ा आस्था का सैलाब

विकासखंड कांकेर के ग्राम बागोडार में दो दिनों तक आध्यात्म, संस्कृति और युवा चेतना के दिव्य संगम का साक्षी बना, जहां मानस युवा शक्ति संगठन छत्तीसगढ़ का प्रदेश स्तरीय वार्षिक सम्मेलन एवं युवा मानस पथिकों का भव्य मिलन समारोह हुआ। रामकथा के सार, मर्यादा और आदर्शों पर आधारित विविध प्रस्तुतियों से ग्रामीण अंचल राममय हो उठा। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि की आसंदी से विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि कहा कि रामायण केवल ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की प्रेरणा है। भगवान राम ने प्रत्येक रिश्ते को मर्यादित ढंग से निभाकर आदर्श समाज का मार्ग बताया है। उन्होंने कहा कि मानस की चौपाइयां मंत्रों की तरह ऊर्जा, सौभाग्य और सकारात्मकता प्रदान करती हैं। प्रदेश अध्यक्ष नोमेश सिन्हा ने बताया कि संगठन युवाओं में श्रीरामचरितमानस के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सतत प्रयासरत है। अतिथियों सरपंच बागोडार फुलेश्वरी नेताम, जगदीश देशमुख, डॉ. मुन्ना लाल देवदास, ईश्वर कावड़े, केआर गजबल्ला ने कहा कि समकालीन मंचों पर मर्यादित शब्दावली, अनुशासन और व्यवस्थित संचालन को बढ़ावा देना आवश्यक है, ताकि किसी भी पात्र के प्रति अमर्यादित टिप्पणी न हो और मानस की गरिमा अक्षुण्ण बनी रहे। दो दिवसीय सम्मेलन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए वक्ताओं और मानस मंडलियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रथम दिवस रूप ज्ञानोदय मानस परिवार मांडरी, गुरुगीता मानस परिवार इमलीपारा, ओमकार पटेल (रायपुर), प्रेमलाल साहू, शत्रुघ्न सिन्हा, चिंताराम सेन, सोनिया साहू, कुमान सिंह ध्रुव, अचल वैष्णव, रामराजेश साहू और द्वितीय दिवस रेणुका साहू, युवराज सिन्हा, बलराम साहू, त्रेता चंद्राकर तथा नवदीप बालिका मानस परिवार कोहका की आदर्श मण्डली ने अपने प्रस्तुतीकरण से लोगों को मंत्रमुग्ध किया। आयोजित कार्यक्रम में संगठन के प्रदेश, जिला एवं मंडल स्तरीय पदाधिकारी, सक्रिय सदस्य, विभिन्न जिलों के प्रतिनिधि और सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। बागोडार ग्राम सहित कांकेर क्षेत्र रामभक्ति शेष पेज 10 पर



जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा। भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

### कलंगपुरी में नवोदय कोचिंग क्लास का हुआ शुभारंभ



**दुर्गुकोंदल ।** संकुल स्तरीय नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए बालक आश्रम पुजारीपारा, कलंगपुरी में संकुल स्तरीय कोचिंग कक्षाओं का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष पूजा-अर्चना के साथ हुई। संकुल प्राचार्य सत्येंद्र कुमार साहू ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाना और विद्यार्थियों को प्रतियोगी माहौल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए तैयार करना है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई में किसी भी प्रकार की कठिनाई न आए, इसके लिए शिक्षकों को विशेष ध्यान, सहयोग और मार्गदर्शन प्रदान करना होगा। कोचिंग कक्षाओं में नियमित टेस्ट, प्रश्न-अभ्यास और विषयवार पुनरावृत्ति कराया जाएगा, ताकि विद्यार्थियों की परीक्षा तैयारी मजबूत हो सके।

## खबर संक्षेप



### केशकाल सड़क नवीनीकरण का भूमिपूजन, वेदांता ग्रुप ने संभाला कार्य

**केशकाल।** कांकेर सांसद भोजराज नाग एवं विधायक केशकाल नीलकंठ टेकाम ने बस स्टैंड स्थित हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना के बाद केशकाल सड़क के नवीनीकरण का भूमिपूजन किया। केशकाल की जर्जर सड़क के नवीनीकरण का ठेका वेदांता ग्रुप अभनपुर रायपुर को दिया गया है वेदांता ग्रुप की रोड निर्माण की मशीनें केशकाल पहुंच गई है विधायक नीलकंठ टेकाम ने सांसद भोजराज नाग के साथ सर्वप्रथम हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर नवीनीकरण कार्य की शुरुआत के लिए भूमि पूजन किया केशकाल के लोगों में अब आशा जगी है कि जल्द ही केशकाल की जर्जर सड़क का जीर्णोधार होगा एवं धूल से लोगों को राहत मिलेगी पिछले कई महीनो से धूल के कारण रोड के किनारे बसे व्यापारी एवं सुरडोंगर केशकाल के ग्राम वासी परेशान हो रहे थे। अब नवीनीकरण का कार्य शुरू हो जाने से धूल एवं जर्जर सड़क से लोगों को राहत मिलेगी।

### जंगल किनारे बाइक से गिरकर ग्रामीण घायल



**फरसगांव।** ब्लाक अंतर्गत ग्राम कोर्राबड़गांव के आगे जंगल किनारे सोमवार की दोपहर बाइक सवार ग्राम खंडसरा निवासी अंतू वड्डे पिता सुकडु राम बाइक से अनियंत्रित होकर जंगल किनारे गड्ढे में गिर गया, बाइक से गिरने के चलते उसके चेहरे पर गंभीर चोट आई। जिसे उपचार हेतु फरसगांव के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया। जहां उसके चेहरे के नीचे गंभीर चोट आने के चलते प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल रेफर किया गया।

# एफएलएन मेला 2025 में बच्चों ने प्रदर्शित की रचनात्मकता, खेल-खेल में सीखा ज्ञान

## मां शाला तराईबेड़ा में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

बड़ेराजपुर विकासखण्ड के ग्राम तराईबेड़ा स्थित शासकीय प्राथमिक शाला तराईबेड़ा में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान एफएलएन मेला 2025 का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। इस मेले का मुख्य उद्देश्य बच्चों को खेल, अनुभव और आनंद के माध्यम से सीखने की प्रेरणा देना था। बच्चों द्वारा तैयार स्टॉल, सीखने को बनाया उत्सव यह मेला पूरी तरह बच्चों द्वारा बच्चों के लिए तैयार किया गया था। बच्चों ने हिंदी, गणित और अंग्रेजी विषयों से जुड़ी खेल–आधारित गतिविधियों के आकर्षक स्टॉल लगाए। हर गतिविधि में सीखो, खेलो, दिखाओ के सिद्धांत का पालन किया गया। जिसने बच्चों की सीखने की इच्छा और जिज्ञासा को बढ़ाया। कार्यक्रम में न्योता भोज भी आयोजित किया गया।

**ये रहे मौजूद :** कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रेमनाथ यादव ग्राम प्रमुख, रामप्रसाद नाग पंच, ईश्वर नाग पंच, अघन सिंह मंडावी प्र.अ. माध्यमिक शाला, लगूराम प्र.अ. प्राथमिक शाला, गोपाल राम नेताम शिक्षक, सियाराम नेताम शिक्षक, पुरन सिंह यदु शिक्षक, शीतल मरकाम शिक्षिका, दसरू मंडावी सहायक शिक्षक, मुकेश नेताम सभी अतिथियों ने एफएलएन मेले के उत्कृष्ट आयोजन की प्रशंसा की और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम निरंतर जारी रखने की बात कही।



### जहाँ सीखना है उत्सव, वहीं शिक्षा जीवंत

*एफएलएन मेले ने यह संदेश दिया कि सीखना केवल पाठ्यपुस्तक तक सीमित नहीं, बल्कि एक उत्सव और अनुभव है। अभिभावकों और शिक्षकों ने बच्चों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की। प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला तराईबेड़ा के प्रधानपाठकों ने इस आयोजन को बच्चों की रचनात्मकता, सीखने की क्षमता और आत्मविश्वास बढ़ाने वाली पहल बताया।*

## सौगात: एक अरब से अधिक के 61 कार्यों का किया लोकार्पण व भूमिपूजन

# नियद नेल्लानार योजना से ग्रामीणों को मिल रहा लाभ माओवाद समाप्ति की ओर : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- कोंडागांव में गाड़ा समाज बूढ़ादेव महोत्सव में हुए शामिल

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कोंडागांव में आयोजित मूल छत्तीसगढ़िया सर्व गाड़ा समाज बूढ़ादेव महोत्सव में कुल 1 अरब 27 करोड़ 11 लाख 92 हजार रुपए के 61 कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इनमें 35 कार्य 43.45 करोड़ के लोकार्पण 26 कार्य 83.66 करोड़ के शिलान्यास शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में माओवाद तेजी से समाप्ति की ओर बढ़ रहा है। नियद नेल्लानार योजना के माध्यम से अंदरूनी इलाकों के ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाओं से जोड़कर विकास की मुख्यधारा में लाया जा रहा है।

सीएम मुख्यमंत्री साय ने बताया कि राज्य सरकार ने कम समय में ही शिक्षा, कृषि, आवास, तेंदुपत्ता, चरणपादुका और महतारी वंदन योजना के तहत लाखों हितग्राहियों को लाभान्वित किया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ को समृद्ध राज्य बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कोंडागांव जिले के लिए तीन महत्वपूर्ण घोषणाएँ की कोनगुड़, धनोरा मार्ग के लिए 90 लाख रुपए केशकाल, विश्रामपुरी मार्ग के लिए 39 करोड़ रुपए कुधूर में 100 सीटर जनजातीय बालिका छात्रवास के लिए 2.71 करोड़ रुपए साथ ही बहुगतिविधि, दिव्यांग सेंटर व कोचिंग सेंटर के लिए 1.5 करोड़ रुपए देने का आश्वासन दिया।



### मोहरी वाद्य के सामूहिक वादन से हुआ स्वागत

मुख्यमंत्री का स्वागत गाड़ा समाज के पारंपरिक वाद्य मोहरी के सामूहिक वादन से किया गया। मुख्यमंत्री ने बूढ़ादेव की पूजा–अर्चना कर प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की। एनआरएलएम की कॉफी टेबल बुक का विमोचन बाल्यावस्था देखभाल आधारित पुस्तिका का विमोचन एचआरपी हेल्पलाइन नंबर, हेलमेट बैंक और सुपोषित विकास चार्ट का शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने किया। कार्यक्रम में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री, सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, कलेक्टर, एसपी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। गाड़ा समाज के वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने भी महोत्सव में सक्रिय भागीदारी निभाई।

### कोंडागांव आगमन पर जनप्रतिनिधियों ने किया आत्मीय स्वागत



*मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज कोंडागांव पहुंचे, जहां आईटीबीपी हेलीपेड में उनका स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री के साथ वन मंत्री केदार कश्यप एवं स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव भी साथ मौजूद रहे। मुख्यमंत्री श्री साय के स्वागत में कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कांकेर सांसद भोजराज नाग बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेंडी केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम कांकेर विधायक आशा राम नेताम नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी पूर्व विधायक सेवक राम नेताम इन सभी ने गर्मजोशी से मुख्यमंत्री का स्वागत कर उनके आगमन पर प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना, पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा, दीपेश अरोरा, कुलवंत चहल सहित अन्य अधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। गाड़ा समाज के पदाधिकारियों ने भी मुख्यमंत्री का स्वागत कर कार्यक्रम में भाग लिया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय कोंडागांव के विकास नगर स्टेडियम में आयोजित गाड़ा समाज के बूढ़ा देव महोत्सव, तथा लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे। इस अवसर पर जिले में विकास और सामाजिक सहभागिता की दिशा में अनेक विषयों पर चर्चा एवं मार्गदर्शन दिया गया।*

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने वृद्धा आश्रम का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव, श्रीमती किरण चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में आज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के सचिव गायत्री साय द्वारा समर्पण वृद्धा आश्रम, कोण्डागांव का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य माता–पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण–पोषण एवं कल्याण अधिनियम 2007 के प्रावधानों के क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति का आकलन करना था। सचिव गायत्री साय ने आश्रम में रह रहे सभी वरिष्ठजनों से व्यक्तिगत मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य, भोजन की गुणवत्ता, आवास सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था, चिकित्सा सहायता, तथा अन्य दैनिक आवश्यकताओं की विस्तृत जानकारी ली। वरिष्ठ नागरिकों ने अपनी आवश्यकताओं व समस्याओं के बारे में खुलकर जानकारी साझा की। निरीक्षण के दौरान सचिव ने यह सुनिश्चित किया कि भरण–पोषण की व्यवस्था, समयबद्ध चिकित्सा सहायता, अभिलेखों का रख–रखाव, तथा वरिष्ठजनों की सुरक्षा अधिनियम के अनुरूप सुचारू रूप से संचालित हो रहे हों। उन्होंने स्टाफ को नियमित निगरानी और सुधारात्मक कदम उठाने के स्पष्ट निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान वृद्धा आश्रम की संचालक रेणुका नागवंशी, अधिकार मित्र पारेश्वर देवांगन, रंजन बैध, तथा आश्रम के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# खादी ग्रामोद्योग की कार्यशाला में छात्रों को मिली स्वदेशी की प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को खादी ग्रामोद्योग विभाग द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को स्वदेशी, उद्यमिता और एमएसएमई की नई संभावनाओं से रूबरू कराया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. नसीम अहमद मंसूरी ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने हमेशा स्वदेशी अपनाने की प्रेरणा दी। चरखा केवल एक उपकरण नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता का प्रतीक था। उन्होंने युवाओं से खादी, स्थानीय उत्पादों और स्वावलंबन की दिशा में आगे बढ़ने की अपील की। कार्यशाला प्राचार्य डॉ. रश्मि सिंह के दिशानिर्देश में हुई एवं कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर तोशी वैष्णवी और ऋषि सेन ने विद्यार्थियों को आरएएमपी योजना के महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराया। विश्व बैंक समर्थित और एमएसएमई मंत्रालय की यह केंद्रीय क्षेत्र योजना बाज़ार, वित्त, गुणवत्ता और तकनीकी उन्नयन में एमएसएमई की क्षमता बढ़ाने पर केंद्रित है। उन्होंने बताया कि आरएएमपी योजना का उद्देश्य एमएसएमई की पहुँच को मजबूत कर उन्हें वैश्विक प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाना है, जिसके तहत कौशल विकास, डिजिटलीकरण, गुणवत्ता संवर्धन और बाज़ार तक पहुँच में व्यापक सहायता प्रदान की जाती है। यूडीआरएम के जिला सलाहकार बालमुकुंद साहू ने आत्मनिर्भर भारत अभियान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एमएसएमई देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देकर ही भारत को आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। कार्यशाला में बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे और एमएसएमई की नई नीतियों, उद्यमिता अवसरों तथा तकनीकी उन्नयन को लेकर उत्साह देखा गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक ईश्वर सिन्हा, श्रीदाम ढाली, योगेश यादव उपस्थित रहे।



शा. महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हुई कार्यशाला

### भोंगापाल में बाइक से गिरा परिवार, तीनों घायल



**फरसगांव।** ब्लॉक के ग्राम भोंगापाल में रविवार की शाम बाइक से गिरकर ग्राम मोदे निवासी छबिलाल नाग पिता स्व मस्सू राम उम्र 30 वर्ष और उसकी पत्नी सनबती नाग उम्र 27 और 4 साल की मासूम बेटी वेदिका नाग तीनों बाइक से गिरकर घायल गए. ग्रामीणों की मदद से तीनों घायलों को उपचार हेतु फरसगाँव का अस्पताल में लाया गया। छबीलाल को कमर में अंदरुनी चोट आने से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार हेतु रिफर किया गया. जानकारी के अनुसार छबिलाल अपनी पत्नी और बेटी के साथ अपने ससुराल गया हुआ था, ससुराल से वापस आने के दौरान भोंगापाल के पास यह हादसा हुआ।



# महिला स्वयं सहायता समूह के परिवारों को दो-दो लाख की बीमा राशि प्राप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत भानुप्रतापपुर विकासखंड में महिला स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी तीन दिवंगत सदस्य परिवारों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का लाभ प्राप्त हुआ है। ग्राम पंचायत कोरर, हेटारकसा और चिल्हाटी के गायत्री चिराम गुलाब स्व सहायता समूह, गुलेश्वरी उइके जय भोले स्व सहायता समूह तथा रमीतो बाई सलाम राधे स्व सहायता समूह का निधन हो चुका था। इन तीनों के परिवारों को अब जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत 2-2 लाख रुपए की बीमा राशि उनके बैंक खातों में प्राप्त हो गई है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के मार्गदर्शन में भारतीय स्टेट बैंक शाखा कोरर एवं छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक शाखा कोरर में समूह सदस्यों द्वारा योजना के लिए बीमा फार्म पहले से भरे गए थे। एफएलसीआरपी मेहरूनीस खान एवं ममता कौशिक के सहयोग से सभी औपचारिकताएं पूरी की गई थीं। सदस्यों की मृत्यु उपरांत एसी पीआरपी, एफएलसीआरपी टीम के माध्यम से नॉमिनी सदस्यों का बीमा क्लेम फार्म, मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड तथा बैंक पासबुक संबंधित बैंकों में जमा कराए गए। शाखा प्रबंधक द्वारा सभी दस्तावेज ऑनलाइन बीमा कंपनी को प्रेषित किए गए, जिसके बाद मंजूरी मिलने पर बीमा कंपनी ने नॉमिनी के खातों में राशि हस्तांतरित की। जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जीएल चुरेन्द्र ने जानकारी दी कि अब तक विकासखंड में कुल 11,763 समूह सदस्यों का प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा एवं सुरक्षा बीमा योजना के तहत पंजीयन कराया जा चुका है। उन्होंने कहा कि यह योजना गरीब और कमजोर परिवारों के लिए जीवनदायिनी सिद्ध हो रही है, क्योंकि अचानक मृत्यु की स्थिति में परिवार को आर्थिक सहारा मिलता है। एनआरएलएम प्रभारी बीपीएम ने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के लिए प्रति वर्ष 436 का प्रीमियम जमा किया जाता है, जबकि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में मात्र 20 वार्षिक प्रीमियम के माध्यम से दुर्घटना बीमा का लाभ मिलता है।

# बीएसएफ के श्वान बाबू को राष्ट्रीय के 9 ब्रेवरी अवॉर्ड, बढ़ाया मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



सीमांत सुरक्षा बल के वीर श्वान बाबू ने देश का गौरव एक बार फिर ऊँचा किया है। सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय गांधीनगर द्वारा हैदराबाद में आयोजित राष्ट्रीय के9 ब्रेवरी अवॉर्ड 2025 समारोह में श्वान बाबू को उनकी असाधारण क्षमता, साहस और सेवा के लिए राष्ट्रीय सम्मान से नवाजा गया। यह कार्यक्रम सीएपीएफ और विभिन्न राज्य पुलिस संगठनों के सर्वश्रेष्ठ श्वानों को सम्मानित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।

सामरिक मुख्यालय बीएसएफ स्पेशल-ऑप्स छत्तीसगढ़ की टीम ने इस प्रतिष्ठित समारोह में दो उत्कृष्ट श्वानों के साथ भाग लिया। टीम का नेतृत्व उप-समादेष्टा वेटनरी डॉ. राम मेहर सिंह ने किया। 40वीं बटालियन के बेल्जियन शेफर्ड नस्ल के श्वान बाबू और उनके हैंडलर ब्रिंदाबन तमुली, विकास विश्वास तथा 181वीं बटालियन की स्वदेशी नस्ल रामपुर हाउंड श्वान बबीता एवं हैंडलर तपन दास, अमरिक सिंह ने इस प्रतियोगिता में बीएसएफ का प्रतिनिधित्व किया। बाबू ने विस्फोटक खोज श्रेणी तथा बबीता ने ट्रैकर श्रेणी में अपनी कुशलता दिखाई। श्वान बाबू ने नक्सल प्रभावित अग्रिम इलाकों में अब तक 9 आईईडी का सफलतापूर्वक पता लगाकर सुरक्षा बलों और स्थानीय नागरिकों की जान बचाई है।

उनकी यह उपलब्धि बीएसफ के लिए गर्व का विषय रही। राष्ट्रीय मूल्यांकन में बाबू ने एनएसजी, एसएसबी, सीआरपीएफ, तेलंगाना पुलिस और छत्तीसगढ़ पुलिस के सर्वश्रेष्ठ के9 श्वानों के बीच अपनी अद्वितीय सटीकता और पेशेवर दक्षता से सभी को प्रभावित किया। इसी उत्कृष्ट प्रदर्शन के चलते उन्हें न केवल राष्ट्रीय के9 ब्रेवरी अवॉर्ड 2025 प्रदान किया गया, बल्कि के9 नक्सल सेंटिनल की गौरवशाली उपाधि से भी सम्मानित किया गया। इस प्रतिष्ठित उपलब्धि पर 17 नवंबर 2025 को सामरिक मुख्यालय रिसाली में महानिरीक्षक, बीएसएफ स्पेशल-ऑप्स छत्तीसगढ़, आनंद प्रताप सिंह ने डॉग हैंडलर्स दल को बधाई देते हुए कहा कि श्वान बाबू और बबीता ने अपनी कर्तव्यपरायणता, साहस और अनुशासित प्रशिक्षण के दम पर बीएसएफ और राष्ट्र का सम्मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि इन के9 श्वानों की बहादुरी और समर्पण बीएसएफ की सर्वोत्तम परंपराओं का प्रतीक है, जिस पर पूरा देश गर्व करता है।

श्वान बाबू की यह उपलब्धि न केवल सुरक्षा अभियानों में उनकी श्रेष्ठता को दर्शाती है, बल्कि यह संदेश भी देती है कि राष्ट्रीय सुरक्षा में के9 बलों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण और अमूल्य है।

## पेज 9 के शेष

### अवैध कारोबार पर...

हटाए। संघ ने कहा कि नगर में व्यापार का संतुलन बनाए रखने के लिए पंजीकृत दुकानों और अस्थायी ठेलों के बीच अंतर स्पष्ट करना आवश्यक है। यदि अवैध गतिविधियों पर रोक नहीं लगेगी, तो असंगठित व्यापार तेजी से बढ़ेगा और इससे शहर का राजस्व, व्यापारिक वातावरण और यातायात तीनों प्रभावित होंगे।

### कलेपरस स्कूल में...

के प्राचार्य सुकदेव साहू ने बच्चों को प्रोत्साहित किया और बिजनेस के बारे में जानकारी देते हुए प्रतिभा को निखारने प्रेरित किया। कार्यक्रम में ग्राम के सरपंच, एसएमडीसी अध्यक्ष एवं सदस्य, व्याख्याता मनीषा उइके,निर्मला सिन्हा,किरण ठाकुर,विजय वर्मा,गंगोत्री मार्कण्डेय, विजेंद्र सोनवानी, क्षमा उइके, योगेश साहू, शिखर सोनी, प्रदीप सेन, अजय ठाकुर, हीरेंद्र साहू, शिक्षक उपस्थित रहे।

### दुधावा में शराब...

व्यापारियों और राहगीरों को लाठी-डंडों से डराकर धमका रहे थे। आरोपियों ने पुलिस को देखकर भी उत्तेजित होकर बाजार में मौजूद लोगों से कहा कि तुम लोग ही पुलिस बुलाए हो, अब तुमको देख लेंगे। उनकी यह हरकत और आक्रामक रवैया देखकर पुलिस ने तुरंत दोनों को हिरासत में ले लिया। पुलिस की जांच में यह भी सामने आया कि रात 9 बजे से रात 11 बजे तक दोनों आरोपी अपने जन्मदिन की पार्टी शराब पीकर मना रहे थे और इसके बाद सड़क पर आने-जाने वाले लोगों को रोककर विवाद कर रहे थे। उनकी हरकतों से बाजार के व्यापारी और आसपास के मोहल्लेवासी बेहद डर और तनाव में थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय कांकेर में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जिला जेल भेज दिया गया। कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक छत्रपाल साहू, गंगाराम शौरी, आरक्षक मिथलेश, अमृत, सगत, प्रमोद, नागेश सहित अन्य स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### आदिवासी युवा आदान-प्रदान....

गतिविधियाँ, नेतृत्व विकास तथा व्यक्तित्व संवर्धन से जुड़े सत्रों में शामिल होने का अवसर मिलेगा। रवाना होने से पूर्व माय भारत के उपनिदेशक नितिन शर्मा ने प्रतिभागियों को यात्रा संबंधी दिशा-निर्देश, कार्यक्रम की रूपरेखा और अनुशासनात्मक अपेक्षाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने युवाओं को इस अवसर का उपयोग सीखने, अनुभव अर्जित करने और राष्ट्रीय एकता के भाव को मजबूत करने के लिए प्रेरित किया। यात्रा के दौरान प्रतिभागियों की सुरक्षा, आवास और अन्य सुविधाओं के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। पूरे दल के साथ बीएसएफ के जवान रहेंगे ताकि भ्रमण कार्यक्रम सुचारु और सुरक्षित रूप से सम्पन्न हो सके।

### मानस सम्मेलन में ...

और सामाजिक जागरूकता से ओतप्रोत इस आयोजन का साक्षी बना। युवाओं को रामभक्ति से मिली उर्जा: युवा शक्ति कौशल विकास, सामाजिक जागरूकता और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। युवा किसी भी समाज की सबसे बड़ी ताकत हैं और उनमें बदलाव लाने की जबरदस्त क्षमता है। जब युवा एकजुट होकर संकल्प लेते हैं, तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन आता है। युवा नए विचारों, जोश और प्रतिभा के साथ देश को आगे ले जाने की क्षमता रखते हैं। युवाओं के संगठन में रामभक्ति से नई उर्जा का संचार देखने को मिला।

## बस्तर विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व कोंडागांव के स्वयंसेवक और अधिकारी शामिल

# मनाली साहसिक शिविर में एनएसएस स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- 10 से 19 नवंबर तक चल रहे शिविर में रोज नई साहसिक गतिविधियां

राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ, शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय साहसिक शिविर, मनाली हिमाचल प्रदेश में कोंडागांव जिले के एनएसएस स्वयंसेवक एवं कार्यक्रम अधिकारी पी.सी. ठाकुर ने सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई है। यह शिविर 10 नवंबर से 19 नवंबर 2025 तक आयोजित किया जा रहा है।

कार्यक्रम समन्वयक डॉ. संजीव कुमार, जिला संगठक शशिभूषण कन्नौजे, प्राचार्य डॉ. श्रीमती सरला आत्रम एवं कार्यक्रम अधिकारी समलेश पोटई के मार्गदर्शन में शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोंडागांव के स्वयंसेवक, खिलेंद्र नेगी, अंजू बोस, डॉली ठाकुर, मूंजी बघेल, वेश कुमार, चंद्रशेखर तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़े बेन्दरी के कार्यक्रम अधिकारी पूनमचंद ठाकुर छत्तीसगढ़ दल के साथ मिलकर बस्तर विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। पहला से तीसरा दिवस पंजीयन, संग्रहालय भ्रमण और ट्रैक 10 नवंबर को स्वयंसेवकों का पंजीयन किया गया और स्थानीय संग्रहालय का भ्रमण कराया गया। इसके बाद उन्हें माउंटेनियरिंग उपकरणों की विस्तृत जानकारी दी गई। 11 नवंबर को वॉल क्लाइंबिंग और 12 नवंबर को मनाली से सोलंग वैली तक अक्लमेटाइजेशन ट्रैक आयोजित हुआ।



### 9000 फीट ऊंचा धवला धर पर्वत चौथे दिवस का मुख्य आकर्षण

चौथे दिन स्वयंसेवकों ने लगभग 9000 फीट ऊँचे धवला धर पर्वत पर चढ़ाई की। फात्रू क्षेत्र में प्रशिक्षण के बाद उसी पर्वत पर स्थित माँ अंजनी महादेव मंदिर का भी दर्शन करवाया गया। पांचवें और छठवें दिवस रिवर क्रॉसिंग से लेकर माउंटेनियरिंग कार्यशाला तक पांचवें दिन स्वयंसेवकों को रिवर क्रॉसिंग, टेंट मेकिंग, घायल पर्वतारोही को सुरक्षित ले जाने की प्रक्रिया का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। छठवें दिन सोलंग वैली से लौटकर अटल बिहारी वाजपेयी कार्यशाला, मनाली में पर्वतारोहण से जुड़ी विशेषज्ञ जानकारी दी गई।

### हडिंबा मंदिर दर्शन एवं रॉक क्लाइंबिंग : सातवां दिवस

सातवें दिन स्वयंसेवकों ने विश्व प्रसिद्ध माँ हडिंबा मंदिर का दर्शन किया और स्थानीय संस्कृति एवं जनजीवन से जुड़े पहलुओं को जाना। इसके बाद रॉक क्लाइंबिंग गतिविधि आयोजित की गई। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रलय तथा राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित यह शिविर स्वयंसेवकों को प्रतिदिन नई–नई गतिविधियों और रोमांचक अनुभवों से परिचित करा रहा है। शिविर का समापन 19 नवंबर 2025 को होगा।

## खबर संक्षेप

### समाज के लिए यह समय परिवर्तन का है : अध्यक्ष



**घाटलोहंगा।** संभाग स्तरीय ओबीसी हक अधिकार सम्मेलन दुर्ग में रविवार को आयोजित किया गया। जिसमें बस्तर संभाग से ओबीसी महासभा के संभागीय अध्यक्ष दिनेश यादव ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए ओबीसी के हक अधिकार के बारे में छग शासन के ओबीसी आयोग के अध्यक्ष को ज्ञापन दे कर एवं सम्मेलन को उद्बोधन दिया। इसमें प्रमुख बातें जैसे कि बस्तर की आंचल में एसटी, एससी की जमीन को सिर्फ एसटी एससी ही ले सकता है। वैसे ही ओबीसी की जमीन को ओबीसी ही लें जिससे आने वाले पीढ़ी के लिए जमीन सुरक्षित रहेगी और साथ-साथ ओबीसी समाज के विकास के लिए हम सभी को एकजुट होना होगा। समाज के लिए यह समय परिवर्तन का है आइए सभी मिलकर आगे बढ़ें। ओबीसी समाज के अधिकारों की रक्षा के लिए सभी को आवाज उठानी होगी। समाज के युवाओं को शिक्षा और रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए काम करना होगा। ओबीसी समाज के विकास के लिए मतभेदों को भूलकर एक साथ आना होगा। इस संभाग स्तरीय ओबीसी हक अधिकार सम्मेलन दुर्ग में संभागीय अध्यक्ष, हरीश साहू संभागीय सचिव ,बस्तर जिला अध्यक्ष रघुवंश यादव, प्रवेश यादव जिला कार्यकारिणी सदस्य एवं बस्तर संभाग से सभी कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे।

## निधन

### एस अजय मूर्ति



**जगदलपुर।** शिक्षा विभाग में खेल शिक्षक एस अजय मूर्ति का आज सुबह आकस्मिक निधन महारानी अस्पताल में हो गया । वे पत्नी, दो पुत्र समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए। अंतिम यात्रा धरमपुरा स्थित निवास से निकली। जिसमें परिजन, समाज के लोग और शहरवासी शामिल रहे। खेल गतिविधियों में हमेशा सक्रिय रहने वाले अजय मूर्ति के निधन पर शहर में शोक की लहर दिखी। वे पत्रकार रवि राज पटनायक के मामा थे।

# किसान की मेहनत को मिला शासन की नीति का सहारा

■ सदावीर बताते हैं कि समिति में किए गए बेहतर इंतज़ामों ने उन्हें राहत दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

नैमेड़ क्षेत्र के दो मेहनती किसान सदावीर सलाम और शेख सलीमकी ज़िंदगी में इस वर्ष नई उम्मीदें जग उठी हैं। छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी समर्थन मूल्य पर धान खरीदी नीति ने न सिर्फ़ उनके परिश्रम को उचित मूल्य दिया, बल्कि खेती-किसानी के प्रति उनका भरोसा भी मजबूत किया। ढाई एकड़ भूमि वाले किसान सदावीर सलाम के लिए इस वर्ष धान बेचने का अनुभव बेहद सुखद रहा। उन्होंने 30 क्विंटल धान बेचा और पूरी प्रक्रिया टोकन से लेकर तौल तक बिना किसी परेशानी के संपन्न हुई। सदावीर बताते हैं कि समिति में किए गए बेहतर इंतज़ामों ने उन्हें राहत दी। मिलने वाली राशि से वे





अपने घरेलू आवश्यकताओं की पूर्ति करेंगे और आने वाले सीजन के लिए बेहतर तैयारी कर पाएंगे। शेख सलीम के पास लगभग 5 एकड़ कृषिभूमि है, जिनसे उन्होंने इस बार 50 क्विंटल धान बेचा। वे बताते हैं कि समिति में सहयोगात्मक वातावरण के कारण बिक्री की सारी औपचारिकताएँ सरलता से पूरी हो गईं। शेख सलीम शासन की समर्थन मूल्य नीति को किसान हितैषी बताकर कहते हैं कि इससे किसान बिना किसी दलाली या आर्थिक नुकसान के अपने उत्पाद का सही मूल्य पा रहे हैं। दोनों किसानों ने सहकारी समिति नैमेड़ की व्यवस्थाओं की विशेष रूप से सराहना की सुव्यवस्थित टोकन प्रकरण तौल व खरीदी की पारदर्शिता सहयोगी अधिकारियों और कर्मचारियों का व्यवहार संग्रहण केंद्र की बेहतर व्यवस्था इन सुविधाओं ने किसानों को न सिर्फ़ समय बचाया बल्कि उन्हें सम्मानजनक माहौल में अपनी उपज बेचने का अवसर भी दिया।

## धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण कर प्रभारी सचिव ने दिए निर्देश

# पारदर्शिता और सतर्कता का रखें ध्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा



जिले की प्रभारी सचिव डॉ. प्रियंका शुक्ला ने आज एनआईसी कक्ष में धान खरीदी की तैयारियों को लेकर विस्तृत समीक्षा बैठक ली। आगामी खरीदी सीजन को सुव्यवस्थित, पारदर्शी और किसानों के हित में संचालित करने के उद्देश्य से उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों के साथ गहन चर्चा की।

बैठक में डॉ. शुक्ला ने धान खरीदी केंद्रों में हाल ही में नियुक्त नए समिति प्रबंधकों और डाटा एंट्री

■ धान खरीदी तैयारियों के संबंध में हुई आवश्यक बैठक

ऑपरेटरों को उच्च गुणवत्ता वाला प्रशिक्षण देने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि खरीदी केंद्रों पर कार्यों की सुचारु व्यवस्था सीधे कर्मचारियों की दक्षता पर निर्भर करती है, इसलिए प्रशिक्षण में किसी भी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। इससे तकनीकी एवं व्यवस्थागत त्रुटियों को पूरी तरह रोका जा सकेगा।इस वर्ष धान खरीदी में नए प्रावधान किसान गेट पास तथा टोकन जारी करते लघु-सीमांत कृषक टोकन संख्या (दो एकड़ तक 1 टोकन , 2-10 एकड़ तक 2 टोकन और 10 एकड़ से अधिक के 3 टोकन) को स्पष्ट बताते हुए एवं गाँव का चयन करते हुए को विशेष ध्यान रखने निर्देश दिए । प्रभारी सचिव ने यह भी बताया कि दंतेवाड़ा जिले में औसत उत्पादकता कम होने के कारण खाली रकबे का दुरुपयोग करते हुए अवैध धान खरीदी की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। इस स्थिति को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने अधिकारियों को अधिक सतर्क रहने, खरीदी केंद्रों पर निगरानी को कड़ा करने और किसी भी संदेहास्पद गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने फील्ड टीमों को लगातार भ्रमण करने और खरीदी की प्रत्येक प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए कहा। किसानों की सहायता और शिकायतों के त्वरित समाधान हेतु उन्होंने जिले में एक समर्पित हेल्पलाइन सेंटर स्थापित करने के निर्देश भी दिए। यह हेल्पलाइन टोकन वितरण, खरीदी प्रक्रिया, भुगतान, परिवहन सहित अन्य सभी विषयों पर किसानों को तुरंत मार्गदर्शन प्रदान करेगी, जिससे वे बिना किसी परेशानी के धान विक्रय कर सकें।

बैठक में यह मुद्दा भी सामने आया कि जिले में पंजीकृत किसानों में से लगभग आधे किसान ही धान बेचने आते हैं। इस पर डॉ. शुक्ला ने कहा कि शासन द्वारा प्रदान किए जा रहे समर्थन मूल्य और योजनाओं के लाभ अधिक से अधिक किसानों तक पहुंचने चाहिए। उन्होंने सभी विभागों को ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता बढ़ाने और अधिक से अधिक किसानों को खरीदी प्रक्रिया से जोड़ने के लिए विशेष प्रयास करने निर्देशित किया।इसी क्रम में उन्होंने जिले में उपार्जित होने वाले स्थानीय और विशिष्ट धान जैसे लोकटीमाछी, लाल धान तथा अन्य जैविक किस्मोंकृको अलग से सुरक्षित रखने और आवश्यकता अनुसार नीलामी हेतु उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए, ताकि इन पारंपरिक धानों को उचित पहचान और मूल्य मिल सके।जिले में पूर्णतः जैविक रसायन मुक्त कृषि की जाती है, जिससे उत्पादित धान को स्थानीय स्तर में मिलिंग कराने हेतु मिलिंग क्षमता में वृद्धि करते हुए 100 मिलिंग सुनिश्चित करने कहा ताकि जैविक धान की गुणवत्ता का लाभ स्थानीय हितग्राहियों को मिल सके। बैठक में कलेक्टर कुणाल दुदावत, जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे, खाद्य अधिकारी कौशिक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री के मंशानुसार 15 नवंबर से प्रदेश में धान खरीदी कार्य का शुभारंभ हो चुका है, जिसके सुचारू संचालन की समीक्षा हेतु प्रभारी सचिव डॉ. प्रियंका शुक्ला ने आज दंतेवाड़ा जिले के बालूद, मेटापाल, कटेकल्याण और बारसूर के धान उपार्जन केन्द्रों का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खरीदी केन्द्रों में नए और पुराने बारदानों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि खरीदी प्रक्रिया में किसी भी प्रकार का व्यवधान न उत्पन्न हो। उन्होंने कृषकों को टोकन जारी करने तथा धान खरीदी की ऑनलाइन प्रक्रिया और बायोमेट्रिक सत्यापन की अनिवार्यता के बारे में स्पष्ट और सरल तरीके से जानकारी देने को भी कहा ताकि किसान बिना किसी परेशानी के खरीदी प्रक्रिया में सम्मिलित हो सकें।

डॉ. शुक्ला ने सभी केन्द्रों में किसानों के लिए बैठने की उचित व्यवस्था, पीने के पानी की उपलब्धता, स्वच्छ शौचालय और आसपास की साफ सफाई को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

# सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर यूनिटी मार्च आज



हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर बीजापुर जिले में 18 नवंबर को आयोजित होने वाले यूनिटी मार्च की तैयारियों को लेकर आज कलेक्टर कार्यालय परिसर में प्रेसवार्ता आयोजित की

■ तैयारी को लेकर कलेक्टर परिसर में प्रेसवार्ता

गई।पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए संयुक्त कलेक्टर जागेश्वर कौशल ने मीडिया को आयोजन की विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

कौशल ने कहा कि यूनिटी मार्च का मुख्य उद्देश्य सामाजिक एकता, सद्भाव और भाईचारे को बढ़ावा देना है। उन्होंने जिलेवासियों, युवाओं, छात्र-छात्राओं एवं सामाजिक संगठनों से अपील की कि अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इस महत्वपूर्ण यात्रा को सफल बनाएं।

उन्होंने बताया कि यूनिटी मार्च का शुभारंभ चिकट राज बाबा मंदिर से दोपहर 3 बजे किया जाएगा, जो दुर्गा मंदिर में अल्प पड़ाव के पश्चात नवोदय विद्यालय, एजुकेशन सिटी में संपन्न होगा। प्रशासनिक अमला पूरे मार्ग में तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था में सक्रिय भूमिका निभाएगा। कौशल ने पत्रकारों से भी अनुरोध किया कि वे आयोजन में शामिल होकर एकता, राष्ट्रीय अखंडता और भाईचारे के संदेश को अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाने में सहयोग दें।

उन्होंने कहा कि लौह पुरुष पटेल के जीवन से हमें राष्ट्रहित, कर्तव्यनिष्ठा और एकता के मूल्यों को मजबूत करने की प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के पत्रकार उपस्थित थे।

# बैलाडीला मार्ग बना हादसों का मार्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बचेली





बचेली से किरन्दुल को जोड़ने वाली सड़क इन दिनों हादसों का हॉटस्पॉट बन गई है। रोज़ाना इस मार्ग पर दुर्घटनाएं हो रही हैं और वजह है संकरी सड़क, तेज घुमावदार मोड़ और रात के समय बेहद कम रोशनी।

यह वही सड़क है जहां से खदान क्षेत्रों के लिए भारी मशीनरी ट्रेलर में ले जाई जाती है और लौह अयस्क का परिवहन भी इसी मार्ग से होता है। भारी वाहनों के लगातार दबाव के बावजूद सड़क की चौड़ाई बेहद कम है। रात होते ही हालात और खतरनाक हो जाते हैं। कम रोशनी के कारण वाहन चालक नियंत्रण खो रहे हैं और कहीं भी गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द सड़क चौड़ीकरण और रोशनी व्यवस्था सुधारने की मांग की है। फिलहाल यह सड़क मौत को दावत देने जैसा जोखिम बनी हुई है।

### पुनर्वास केंद्र में 92 आत्मसमर्पित नक्सली ले रहे शिक्षा

**बीजापुर।** पुनर्वास केंद्र बीजापुर में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत तीसरा साक्षरता बैच 07 नवंबर 2025 से संचालित किया जा रहा है, जिसमें कुल 92 आत्मसमर्पित नक्सली बुनियादी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। सोमवार को पुनर्वास केंद्र में विभिन्न विभागों द्वारा संयुक्त शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान स्कूल शिक्षा विभाग के उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम की टीम भी उपस्थित रही। शिविर में जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के जिला परियोजना अधिकारी कमलदास झाड़ी ने गोंडी बोली में शिक्षार्थियों को शिक्षा का महत्व समझाया और आवश्यक अध्ययन सामग्री वितरित की।

# माड़ इलाके के केन्द्र में सन्नाटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोशलनार





लगातार दूसरे दिन भी माड़ इलाके के खरीदी केन्द्र सड़ार में सन्नाटा छाया रहा। अभी किसान धान की कटाई कर रहे हैं इसलिए धान की आवक में हफ्ते या उससे भी अधिक समय लग सकता है। लेम्पस कर्मचारियों के हड़ताल में चले जाने से वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर कृषि व सहकारिता विभाग के कर्मचारियों को जिम्मेदारी सौपी गईं है।

इंद्रावती नदी पार अबुझमाड से लगे कोशलनार, मंगनार आदि गांव के किसानों के लिए सड़ार में खरीदी केन्द्र खोला गया है। 15 नवम्बर को औपचारिक तौर पर केन्द्र में नापतौल

■ कोशलनार में धान बेचने वाले किसानों की संख्या केवल 96 है

मशीन की पूजा कर खरीदी का श्रीगणेश किया गया। लेकिन धान की आवक नहीं हो रही है। दो दिन में बोहनी तक नहीं हुई। अभी केवल कटाई का दौर जारी है, मिंजाई का काम शुरू ही नहीं हुआ है। ऐसे में कम से समितियों को कारोबार के लिए 10-12 दिन तक इंतजार करना पड़ सकता है। सडार खरीदी केन्द्र में लगभग 550 के आसपास किसान पंजीकृत है। इसमें कोशलनार के 96 , मंगनार के 90 और बेंगलुर गाँव के 85 किसान शामिल हैं। माड़ इलाके के तुषवाल, बाकेली तोड़मा, गोमटेर, आदि गांव में धान की खेती बहुत कम की जाती है। इलाके के ज्यादा तर किसान तिलहन की खेती करते हैं। इस साल मोटा धान 2369 और पतला 2389 रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है।

हांलाकि धान का मूल्य 3100 रूपये प्रति क्विंटल है। लेकिन शेष राशि को कृषि आदान सहायता के तौर पर मार्च- अप्रैल में सीधे किसानों के खाते में जमा किये जाएंगे। हाल में धान की आवक नहीं होने के कारण खरीदी पर हड़ताल का कोई असर नहीं है। लेकिन दिसम्बर तक जारी रहा तो सरकार को खरीदी करने में भारी दिक्कत हो सकती है। कोशलनार के किसान माईराम ओड़ी ने बताया कि धान की कटाई में कम से कम आठ दिन का समय लगेगा। 60 फीसदी धान की कटाई ही हुई है। दिसम्बर के पहले हफ्ते ही किसान धान बेच पाऐंगे।

थलेश ठाकुर के मुताबिक कोशलनार, मंगनार के आदिवासी किसान देरी से धान की बुआई करते हैं। इसलिए कटाई और मिंजाई भी देर से शुरू होती है। माड़ इलाके मे ज्यादातर किसान उच्चहन भूमि के स्वामी है। जहाँ कोदो, कुटकी, रागी, जैसे मिलेट क्राप का उत्पादन किया जाता है। यही कारण है कि कोशलनार में धान बेचने वाले किसानों की संख्या केवल 96 है।

# प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना भारत सरकार की अभिनव योजना: मंगई डी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा




आज जिला कार्यालय के सभा कक्ष में प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना केंद्रीय नोडल अधिकारी अलर मेल मंगई डी द्वारा समीक्षा बैठक ली गई।

बैठक में केंद्रीय नोडल अधिकारी द्वारा धन धान्य कृषि योजना को केन्द्र सरकार की अत्यंत प्राथमिकता पूर्ण योजना करार देते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री के मंशानुरूप चयनित जिलों में लागू की गई, इस योजना को कृषि विभाग सहित इसके सहयोगी अन्य विभाग अभिसरण समन्वय एवं एकीकरण के माध्यम से बेहतर प्रदर्शन करें और इसके क्रियान्वयन में आ रही चुनौतियों के निराकरण हेतु आवश्यकता अनुरूप कदम उठाएं। सराहना करते हुए कहा कि योजना के क्रियान्वयन के लिए प्रशासन की टीम ने अब तक इस दिशा में उत्कृष्ट कार्य किया है और इसी भावना से भविष्य में भी योजना के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए लगातार प्रयास किए जाने चाहिए। दंतेवाड़ा जिले में पहले से ही उद्यानिकी, मिलेट्स, प्राकृतिक खेती को बेहतर ढंग से किया जा रहा हैं, साथ ही वनोपज, डेयरी एवं मछली पालन की दिशा में अच्छा प्रयास हो रहा है। इसके पूर्व कलेक्टर ने कुणाल दुदावत ने पीपीटी के माध्यम से जिले की कृषि परिदृश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जिले की संपूर्ण कृषि भूमि, 96890, शुद्ध बोया गया क्षेत्र, 92233, सकल फसल क्षेत्र 101.50 सिंचित कृषि 11660 असिंचित कृषि 82067, अनुपजाऊ भूमि, 31820, हेक्टेयर है इसके अलावा वन हेक्टेयर 35310 तथा नदियों की संख्या 03 है जिले में औसत वार्षिक वर्षा 1480 मिलीमीटर दर्ज की गई हैं। इसके साथ ही जिले में किसान भूमि धारकों की संख्या 29718 है। इसके साथ ही उन्होंने द्वारा जिले में मशीनीकरण का उपयोग, मृदा स्वास्थ्य, पशुओं की संख्या, मत्स्य पालन, मुर्गी, बकरी पालन, के बारे में भी जिले के स्थिति से बैठक में अवगत कराया। बैठक में इसके अलावा कृषक कल्याण जारी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, नेशनल मिशन ऑफ नेचुरल खेती, अन्नदाता आय सकर्षण अभियान, जैसे विभिन्न योजनाओं में जिले की लक्ष्यों के संबंध में भी जानकारी दी गई। योजना के अन्तर्गत प्राप्त उपलब्धियों जैसे धान एवं लघु अनाज में विधि को बढ़ावा देना, कृषि यांत्रिकीकरण द्वारा उत्पादकता वृद्धि, तिलहन क्षेत्र विस्तार तोरिया एवं रामतिल, दलहन क्षेत्र विस्तार-अरहर, जैविक बीज उत्पादन कार्यक्रम, देसी बीज बैंक की स्थापना, कृषकों के उत्पाद के भंडारण हेतु गोदाम निर्माण, जैविक खाद उत्पादन हेतु बीआरसी स्थापना, किसान क्रेडिट कार्ड केसीसी कवरेज में वृद्धि- फसल ऋण, जैविक कार्यकर्ता एवं एलआरपी के माध्यम से प्रशिक्षण की जानकारी केन्द्रीय नोडल अधिकारी को दी गई।

# एनएमडीसी के 68वें स्थापना दिवस पर श्रम, नेतृत्व और तकनीक का गौरवपूर्ण संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ किरंदुल



भारत की अग्रणी लौह अयस्क उत्पादक कंपनी एनएमडीसी ने 15 नवंबर को अपना 68वां स्थापना दिवस उत्साह, गौरव और पारिवारिक सौहार्द के माहौल में मनाया। मुख्यालय प्रबंधन के देखरेख एवं संचालन में आयोजित इस भव्य समारोह में ख्यातिप्राप्त गायक पद्मश्री कैलाश खेर और उनकी टीम ने अपनी प्रस्तुति से कार्यक्रम को अविस्मरणीय बना दिया।

कार्यक्रम में विभिन्न परियोजनाओं से चयनित अधिकारियों व कर्मचारियों को सीएमडी अवार्ड एवं अन्य सम्मान सीएमडी अमिताभ मुखर्जी के करकमलों से प्रदान किए गए। छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना स्थित खदानों, संयंत्रों और कार्यालयों के कर्मचारियों की उपलब्धियों को राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया। मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन किरंदुल के अध्यक्ष विनोद कश्यप और सचिव एके सिंह ने एनएमडीसी परिवार के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों व श्रमिकों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनके योगदान को याद किया।

एनएमडीसी की कहानी केवल उत्पादन की उपलब्धि नहीं, बल्कि संघर्ष, समर्पण और साहस की गाथा है। छत्तीसगढ़ राज्य के बस्तर संभाग के दंतेवाड़ा जिले के भांसी क्षेत्र में लगभग वर्ष 1962–64 के दौरान जब बैलाडीला परियोजना की नींव रखी गई, तब यहां न सड़क थी न आवास की व्यवस्था और न ही पीने के शुद्ध पानी। फाउंडर अधिकारियों और कर्मचारियों ने तंबुओं और चटाइयों में रहकर, लाल पानी को शुद्ध करने के लिए छोटे-छोटे गड्ढे खोदकर पानी पीते हुए कठिन परिस्थितियों से संघर्ष किया। इन्हीं श्रमिकों और अधिकारियों के अथक प्रयासों से बैलाडीला खदान आज दुनिया की सर्वश्रेष्ठ लौह-अयस्क खदानों में शामिल है। एनएमडीसी न केवल लोहे की खुदाई में अग्रणी है, बल्कि एशिया की सबसे तकनीकी रूप से उन्नत मध्यप्रदेश के पन्ना क्षेत्रांतर्गत डायमंड माइन और छत्तीसगढ़ बस्तर संभाग नगरनार का अत्याधुनिक नगरनार स्टील प्लांट इसका गौरव बढ़ा रहे हैं। नगरनार स्टील प्लांट आधुनिक इस्पात उत्पादन तकनीक का बेहतरीन उदाहरण है, जिसने भारत की औद्योगिक आत्मनिर्भरता में ऊर्जा भरी है। कठोर भौगोलिक परिस्थितियों, बारिश, धूप और जोखिमों के बीच काम करने वाले श्रमिक एनएमडीसी की वास्तविक रीढ़ हैं। इनकी मेहनत, शौर्य और प्रतिबद्धता के कारण ही कंपनी आज सार्वजनिक क्षेत्र की चमकती मिसाल है।

### कुशल नेतृत्व, प्रशासन एवं मार्गदर्शन

भारत सरकार का उपक्रम एनएमडीसी के सीएमडी अमिताभ मुखर्जी के कुशल नेतृत्व एवं प्रशासन में कंपनी ने उत्पादन, तकनीक और प्रबंधन के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुआ है। एनएमडीसी की प्रगति में आल इंडिया एनएमडीसी वर्कर्स फेडरेशन और उससे संबंधित सभी श्रम संगठनों का योगदान उल्लेखनीय रहा है। परियोजना स्तर के शॉप काउंसिल से लेकर निगम स्तर के बाइपार्टाइट और ट्राइपार्टाइट मंचों तक, श्रमिक और प्रबंधन का यह सहयोग एक साइकिल के दो पहियों की तरह कंपनी को निरंतर आगे बढ़ाता रहा है। स्थायी और ठेका दोनों प्रकार के श्रमिकों के हित में अनेक ऐतिहासिक निर्णय इसी समन्वय की परिणति हैं। खनन के साथ-साथ एनएमडीसी ने सीएसआर के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य, जल संरक्षण, पर्यावरण, सड़क निर्माण और राष्ट्र हितार्थ तथा जनहित कार्यों में ऐतिहासिक योगदान दिया है। जगदलपुर मेडिकल कॉलेज, गीदम एजुकेशन हब जैसी परियोजनाएं इसकी राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका को दर्शाती हैं। किरंदुल, बचेली, दोणामलाई, पन्ना और नगरनार जैसी परियोजनाएं एनएमडीसी के भविष्य को और अधिक मजबूत, आधुनिक और वैश्विक प्रतिस्पर्धी बना रही हैं।

### नवरत्न से महारत्न की ओर बढ़ते कदम

68 वर्षों की उपलब्धियां, नेतृत्व, अनुभव, तकनीक, श्रमिकों का समर्पण और प्रबंधन की दूरदर्शिता मिलकर एनएमडीसी को नवरत्न से महारत्न बनने की दिशा में आगे बढ़ा रही हैं। भविष्य में यह उपलब्धि कंपनी की ऐतिहासिक यात्रा में स्वर्ण अध्याय साबित हो सकती है। एनएमडीसी के कुशल नेतृत्व कर्ता सम्मानीय सीएमडी, निदेशक मंडल, आल इंडिया एनएमडीसी वर्कर्स फेडरेशन, अधिकारियों, समस्त श्रमसंगठनों, कर्मचारियों, ठेका श्रमिकों और उनके परिवारों को एनएमडीसी के 68 स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं और बधाई प्रेषित करता है।

**न्यायालय तहसीलदार भानुप्रतापपुर जिला उत्तर बस्तर कांकेर छ.ग.**

रा.प्र. क्र. 202510140100032 /अ-21(2)/2025-26
ग्राम कन्हारगांव प.ह.नं. 05 भानुप्रतापपुर

**:: उद्घोषणा ::**

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम कन्हारगांव के आम जनता को इस उद्घोषणा के जरिये प्रकाशन कर सूचित किया जाता है, कि आवेदक देवकुंवरबाई पति सालिकराम जाति ठेठवार निवासी कन्हारगांव तहसील भानुप्रतापपुर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर के द्वारा ग्राम कन्हारगांव स्थित अपने भूमिस्वामी हक की आवासीय प्रयोजन परिवर्तित भूमि खसरा नम्बर 71/2 रकबा 0.0530 हेक्टर परिवर्तित लगान 2396.00 रूपये की भूमि को व्यवसाय वृध्दि हेतु रूपयों की आवश्यकता होने के कारण अनावेदक क्रेता यशवंत प्रजापति पिता ईश्वरीलाल प्रजापति जाति कुम्हार निवासी ग्राम करमोती तहसील भानुप्रतापपुर जिला उ.ब. कांकेर के पास 22,00,000 (बाईस लाख) रूपये में विक्रय करने का सौदा होने पर विक्रय करने की अनुमति हेतु कलेक्टर महोदय कांकेर के समक्ष आवेदन पत्र पेश करने पर अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भानुप्रतापपुर के माध्यम से भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (6क) तथा (6ग) की कंडिका एक से छः के प्रावधान अनुसार आवेदित भूमि विक्रय करने की अनुमति दिये जाने जांच प्रतिवेदनार्थ प्रकरण प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त आवेदित भूमि को विक्रय करने हेतु अनुमति दिये जाने से किसी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो अपना दावा, आपत्ति इस न्यायालय के राजस्व प्रकरण में नियत पेशी तिथि 26/11/2025 तक पेश कर सकते है। नियत अवधि के पशचात प्राप्त आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से निष्पादित किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
भानुप्रतापपुर

## खबर संक्षेप

### विभाग की बड़ी कार्रवाई पंचायत सचिव सूर्यकांत को हटाया गया



**पखांजूर।** ग्राम पंचायतों के सचिव पर लगे प्रधानमंत्री आवास, राशनकार्ड रिश्वतखोरी के आरोपों पर जांच टीम गठन किया गया था, जिसपर ग्रामीणों के दवाब से विभाग तत्परता दिखाते हुए सचिव सूर्यकांत सरकार को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है।

जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा अंतर्गत ग्राम पंचायतों में सचिव पर रिश्वतखोरी के आरोपों को लेकर प्रशासन की ओर से बड़ी कार्रवाई की गई है, जिससे ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ रही है। 13 अक्टूबर को एक उच्च-स्तरीय जांच टीम ने स्वरूपनगर पहुँचकर ग्रामीणों के बयान दर्ज किए और पंचनामा तैयार किया गया था। विकास विस्तार अधिकारी एससी वैद्ध, सन्त राम वर्मा सहायक यांत्रिकी लेखा एवं कार्यरोपण अधिकारी और धनेश्वरी पाठक मनरेगा तकनीकी सहायक सहित जांच टीम ने मौके पर ग्रामीणों के बयान दर्ज किए थे। ग्रामीणों ने बताया था कि सचिव सूर्यकांत सरकार द्वारा प्रधान मंत्री आवास के लिए 12000 और राशनकार्ड के लिए 500 से 1000 रूपए तक की अवैध मांग की जा रही थी और साथ ही फर्जी प्रस्ताव बनाकर राशि के गबन का भी गंभीर आरोप लगाया गया था। ग्रामीणों के अनुसार, लापरवाही के चलते कई दिनों से पंचायत भवन में ताला जड़ा हुआ है, जिससे सरकारी कामकाज प्रभावित हो रहा है। सारे मामले को गम्भीरता से देखते हुए जिला अधिकारी द्वारा सचिव सूर्यकांत सरकार को पंचायत से हटाया गया है, ताकि आगे भी पंचायत के जांच में बांधा न हो और जांच सही से हो।

### विशेष गहन पुनरीक्षण पर भाजपा की बैठक में सौंपी गई जिम्मेदारी



**चारामा।** भाजपा मंडल चारामा के पोलिंग बूथ क्रमांक 233 आवास पारा जैसाकर्रा एवं पोलिंग बूथ 234 बड़ेपारा जैसाकर्रा में विशेष ग्रहण पुनरीक्षण को लेकर प्रदेश प्रभारी जामगयाम सेरिंग नामग्याल का चारामा प्रवास हुआ, जिसमें उन्होंने पोलिंग बूथ के वोटरों से सीधा संवाद कर विशेष ग्रहण पुनरीक्षण के बारे में लोगों को जानकारी दी और साथ ही पोलिंग बूथ के पार्टी से नियुक्त किया।

विशेष ग्रहण पुनरीक्षण के प्रदेश प्रभारी ने बीएलए 2 से इस कार्य में आम लोगों के साथ किस तरह सहयोग करना है और कैसे फर्मों या अन्य दिक्कतों में आम लोगों का मदद करना है पूरी जानकारी देते हुवे भाजपा के पोलिंग बूथ के सभी टीम को अपने दायित्वों का निर्वहन करने आग्रह किया गया। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, सौरभ सिंह, किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर, जिला के महामंत्री राजा पाण्डेय, बीएलए 1 संकेत नसीने मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, मंडल महामंत्री संतोष नाहर, खुशी जोतवानी, मंत्री परमेश्वर यादव, रामभरोसा यादव, संतोष ओझा, प्रियेश सेन, भोजराज सोनी, ललित साहू, अंकित जैन, पोलिंग बूथ अध्यक्ष गोपीकृष्ण पाल बीएलए 2 दीनबंधु मांडवी, पोलिंग बूथ क्रमांक 234 के बूथ अध्यक्ष उत्तम गजेंद्र, बीएलए 2 आशीष वीके, दीनदयाल मोरे, अमजद खान, सजल सिन्हा, अमृत राज सिन्हा, सत्कार पटेल, बसंत कुमार, खम्मन सिंह राठौर, अलख बांगे, मोहित विश्वकर्मा, रेनू साहू, सोनबती बाई, केज बाई, चित्ररेखा बांगे, उत्तरा बाई, संतोषी राजपूत, तेजा बाई धोबी, जानकी बाई, उर्मिला बाई, चुनिया बाई, उपस्थित रहे।

**विरोध : घंटों संबलपुर मार्ग के चक्काजाम से ट्रकों की कई किमी लंबी कतार लगी**

# धान खरीदी केंद्र की मांग पर गुस्साए किसानों ने संबलपुर मार्ग किया जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

- बांसला में केंद्र स्थापना को लेकर उग्र हुआ आंदोलन





बांसला क्षेत्र में धान खरीदी केंद्र की स्थापना वर्षों से लंबित होने के बाद मंगलवार को स्थानीय किसानों का धैर्य आखिर टूट गया। अपनी मांगों को लेकर बार-बार प्रशासनिक कार्यालयों का चक्कर लगाने वाले किसानों ने इस बार सीधे सड़क पर उतरकर संबलपुर चौक में चक्काजाम कर दिया। सुबह शुरू हुआ यह विरोध धीरे-धीरे उग्र होता गया और दोपहर तक राष्ट्रीय राजमार्ग पूरी तरह ठप हो गया।

राजमार्ग के दोनों ओर कई किमी. तक लंबी ट्रकों की कतारें लग गईं, जिससे माल ढुलाई और आम आवाजाही बुरी तरह प्रभावित रही। आक्रोशित किसानों का कहना है कि बांसला में खरीदी केंद्र न होने के कारण उन्हें दूरस्थ केंद्रों तक जाना पड़ता है, जिससे न केवल समय और श्रम का नुकसान होता है, बल्कि परिवहन पर अतिरिक्त खर्च भी बढ़ता है। कृषि दृष्टि से बांसला एक बड़ा उत्पादक क्षेत्र होने के बावजूद यहां स्थायी खरीदी केंद्र की स्थापना नहीं होना किसानों के लिए लगातार परेशानी का कारण बना हुआ है। कई वर्षों से मांग के बावजूद कार्रवाई न होने पर किसानों ने इस बार सड़क पर उतरकर अपना आक्रोश जताया। किसानों के सड़क पर बैठने से दोनों ओर मालवाहक ट्रकों और यात्री वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। संबलपुर होकर गुजरने वाला मुख्य राजमार्ग पूरी तरह जाम हो गया। स्थानीय लोगों को भी आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

### जनप्रतिनिधियों ने दिया समर्थन

किसानों के आंदोलन की जानकारी मिलते ही भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी और जनपद अध्यक्ष सुनाराम तेता मौके पर पहुंचे और किसानों के साथ धरने पर बैठ गए। दोनों ने किसानों की मांग को पूरी तरह जायज बताते हुए कहा कि बांसला क्षेत्र की जरूरतों को देखते हुए खरीदी केंद्र की स्थापना तत्काल की जानी चाहिए। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे इस मुद्दे को उच्च स्तर पर मजबूती से उठाएंगे। बांसला में धान खरीदी केंद्र की मांग पर किसानों की एकजुटता और आज का उग्र आंदोलन प्रशासन के लिए स्पष्ट संदेश है, कि अब निर्णय का समय आ गया है। चक्काजाम की जानकारी मिलते ही स्थानीय प्रशासन और पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने किसानों को भरोसा दिलाया कि उनकी मांग कलेक्टर स्तर पर शीघ्र प्रस्तुत की जाएगी, लेकिन किसान इस बार स्पष्ट तारीख की घोषणा पर अड़े रहे।

### 19 नवंबर को बैठक तय होने पर समाप्त हुआ आंदोलन

किसानों से लगातार चर्चा के बाद जिला प्रशासन ने किसानों को जानकारी दिया कि कांकेर कलेक्टर 19 नवंबर को किसान प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे, जिसमें विधायक सावित्री मंडावी भी उपस्थित रहेंगी। आधिकारिक बैठक की तिथि तय होने के बाद किसानों ने अपना धरना समाप्त कर दिया, लेकिन चेतावनी दी कि यदि समाधान नहीं निकला तो वे आंदोलन को और तीव्र करेंगे।

## गतिविधि आधारित शिक्षा के लिए एफएलएन मेले का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर



शासकीय प्राथमिक शाला माटवाडा लाल पटेलपारा में एफएलएन मेला का आयोजन किया गया। अतिथियों को बच्चों के द्वारा विभिन्न स्तरों के अवधारणाओं को बड़े ही आत्मविश्वास के साथ समझाया गया। आयोजन के दौरान शाला परिवार की ओर से सभी बच्चों के लिए न्योता भोजन की व्यवस्था की गई थी।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति में प्राथमिक स्तर के बच्चों के भाषाई और गणितीय दक्षता को बढ़ाने वाला एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, जिसके अंतर्गत 2026- 27 तक कक्षा पहली से तीसरी तक के बच्चों को सीखाना अनिवार्य है। इसके अंतर्गत शाला में आयोजित एफएलएन मेला में हिंदी, गणित, अंग्रेजी के विभिन्न अवधारणाओं के कुछ 24 स्टाल लगाए गए। यह सभी स्टाल बच्चों के लिए रुचिकर और गतिविधि आधारित थे। सभी स्टालों का संचालन बच्चों के द्वारा ही किया गया। सभी बच्चों ने स्टाल में जाकर अवधारणा को सीखने का प्रयास किया , जिन बच्चों को सिखने में कठिनाई आयी तो स्टॉल प्रभारी बच्चों द्वारा बच्चों की समस्या को दूर करने का प्रयास भी किया गया ।यह कार्यक्रम पूर्णता बच्चों के लिए ,बच्चों के द्वारा संचालित रहा ।इस दौरान बच्चों ने स्वयं से सीखने का प्रयास किया जिससे बच्चों में आत्मविश्वास के साथ सीखने के प्रति रुचि भी पैदा हुई। शाला के प्रधान पाठक एवं जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर पूर्णिमा गेडाम ने बताया कि यह आयोजन बच्चों में सीखने के प्रति रुचि पैदा करने, स्वयं से सीखने की प्रवृत्ति को विकसित करने ,बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ-साथ ही इक्कीसवीं सदी के कौशलों को बच्चों में पैदा करने के लिए अत्यंत ही प्रभावकारी है। कार्यक्रम में उपसरपंच रोशन साहू, महेश्वरी उइके, उत्तम कुमार वर्मा, शंभूराम भास्कर, अशोक कुमार, अहिल्या परचापी, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, सदस्य, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासी भी शामिल हुए।



## भाजपा मंडल ने सीआईआर प्रक्रिया पर की समीक्षा, रणनीति तैयार की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गुकोंदल

भारतीय जनता पार्टी मंडल दुर्गुकोंदल द्वारा सीआईआर प्रक्रिया को लेकर समीक्षा एवं रणनीति निर्माण के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का प्रमुख उद्देश्य सीआईआर प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को देना तथा जनसंपर्क के माध्यम से लोगों को जागरूक करने की दिशा में ठोस रणनीति तैयार करना रहा। बैठक में मंडल स्तर से लेकर शक्ति केंद्रों तक संगठनात्मक मजबूती के लिए जिम्मेदारियां सौंपी गईं। प्रत्येक शक्ति केंद्र के लिए एक प्रभारी और दो सह-प्रभारियों की नियुक्ति की गई। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों को बताया गया कि कांग्रेस सीआईआर प्रक्रिया को लेकर जनता के बीच भ्रम की स्थिति पैदा कर रही है। ऐसे में भाजपा की जिम्मेदारी है कि वह घर-घर जाकर सही जानकारी दे और लोगों को दुष्प्रचार से बचाए। अध्यक्ष बिदेसिंह कल्लो ने कहा कि देश के 12 राज्यों में चुनाव आयोग द्वारा SIR प्रक्रिया शुरू की गई है, जिसमें छत्तीसगढ़ भी शामिल है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भाजपा का लक्ष्य है कि इस प्रक्रिया को लेकर जनता पूरी तरह जागरूक हो और किसी भी भ्रामक सूचना के प्रभाव में न आए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आव्हान किया कि वे समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचकर सही जानकारी दें और लोगों की शंकाओं का समाधान करें। बैठक में पार्टी की जनसंपर्क रणनीति को भी अंतिम रूप दिया गया। कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया कि वे क्षेत्र में नियमित रूप से दौरा करें, नागरिकों से संवाद बढ़ाएं और सीआईआर से संबंधित सभी प्रासंगिक जानकारियां सरल भाषा में उपलब्ध कराएं। यह भी तय किया गया कि जरूरत पड़ने पर जागरूकता शिविर एवं बैठकें आयोजित कर लोगों की समस्याओं और प्रश्नों का समाधान किया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा महामंत्री रामचंद्र कल्लो, तुका पटेल, शिरो कोमरे, धरम मंडावी, रामलाल जैन, जवाहर ठाकुर, इसु आरदे, अशोक जैन, रघुनाथ मंडावी, तुलसी मतलामी, विकास राजु नायक, नंदू खरे, संतोष जैन, विजय पटेल, दीपक पुड़ो, गौतम कोटिंगला, अमित केमरो, बीरेंद्र जैन, सम्मेलाल दुग्गा, राजकुमार उसेंडी, सतीश जैन, अमित कोमरा सहित मंडल के वरिष्ठ एवं सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आमागढ़ की सभी संस्थाओं में एफएलएन मेला एवं बाल दिवस का किया आयोजन



**दुर्गुकोंदल।** संकुल केंद्र आमागढ़ अंतर्गत सभी शिक्षण संस्थानों प्राशा आमागढ़, नवागांव, हिंगनपुरी, एनगुड़, पड़गाल हान एवं कन्या आश्रम शाला चेमल में एफएलएन मेला एवं बाल दिवस का संयुक्त आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों की बुनियादी भाषाई, पठन लेखन क्षमता तथा गणितीय कौशल का मूल्यांकन करना और अभिभावकों को शैक्षणिक सहभागिता के लिए प्रेरित करना था। एफएलएन मेले में विभिन्न कौशल आधारित स्टॉल लगाकर बच्चों की क्षमताओं का मूल्यांकन किया गया। भाषा संबंधी गतिविधियों में अक्षर पहचान, शब्द निर्माण, पठन अभ्यास तथा गणितीय स्टॉल में संख्याज्ञान, जोड़-घटाव, आकृतियों की पहचान जैसी आकर्षक गतिविधियां शामिल थीं। बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी समझ व कौशल का प्रदर्शन किया। मेले ने बच्चों में सीखने के प्रति उत्सुकता जगाने के साथ ही अभिभावकों को भी शिक्षा प्रक्रिया से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संस्था प्रमुख आत्मा राम तरामे, देवनाथ सर्फे, अहिमत पटेल, रजमन सिंह नेताम, बुदेशा दुग्गे और चंद्रिका सहारे ने उपस्थित पालकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों की शिक्षा में अभिभावकों की सक्रिय भूमिका उनकी सीखने की गति को कई गुना बढ़ाती है। शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में सार्थक योगदान का संकल्प लिया गया। वरिष्ठ शिक्षकों राम दयाल यादव, सबल सिंह दीवान एवं सुरेंद्र कुमार उइके के मार्गदर्शन में रंगोली, चित्रकला, निबंध लेखन, खेल खुद जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन हुआ। इन प्रतियोगिताओं में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए उपहार प्रदान किए गए, जिससे बच्चों का उत्साह और भी बढ़ा।

## खदानों के निरीक्षण में पर्यावरण संरक्षण के इंतजाम को अच्छा पया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर/भानुप्रतापपुर

- वैज्ञानिक खनन, हरित पहल और जन-जागरूकता पर रहा विशेष फोकस, निरीक्षण दल ने खदान क्षेत्र की व्यवस्थाओं को सराहा



भारतीय खान ब्यूरो रायपुर के द्वारा गठित विशेष टीम के द्वारा 6 दिनों तक जायसवाल निको इंडस्ट्रीज लिमिटेड की मेटाबोदेली–चारगांव लौह अयस्क खदान में चल रहे कार्यो का जायजा लिया और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यो का भी अवलोकन किया।

भारतीय खान ब्यूरो रायपुर के तत्वाधान में 10 से 15 नवंबर 2025 तक आयोजित 9 वां खान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह उत्साह और जागरूकता के साथ हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, खनिज संसाधनों के वैज्ञानिक एवं सतत उपयोग, तथा खनन क्षेत्रों में सुरक्षा मानकों के अनुपालन को बढ़ावा देना रहा। सप्ताह भर चले इस आयोजन के तहत खदान क्षेत्र का निरीक्षण करने के लिए विभिन्न खदानों के विशेषज्ञों की टीम पहुंची। निरीक्षण दल में डॉ. अजय प्रताप सिंह सहायक महाप्रबंधक जियोलॉजी, अरासमेटा लाइमस्टोन खदान, लिलेश्वर देशमुख (प्रबंधन, खनन) तथा अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड के उपप्रबंधक खनन नारिंगा चौधरी शामिल थे। टीम ने खदान क्षेत्र में पर्यावरणीय व्यवस्थाओं, वैज्ञानिक खनन प्रक्रियाओं, प्रदूषण नियंत्रण उपायों और अपशिष्ट प्रबंधन के मानकों का गहन निरीक्षण किया। कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत माइंस हेड प्रसन्ना कुमार, खदान प्रबंधक कृष्णकांत मिश्रा, निरीक्षण टीम के सदस्यों एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों की उपस्थिति में हुई। पूरे सप्ताह पर्यावरणीय संवेदनशीलता बढ़ाने के उद्देश्य से श्रमिकों और स्थानीय ग्रामीणों को जागरूक किया गया। प्रतिभागियों के लिए वृक्षारोपण अभियान, स्वच्छता कार्यक्रम, धूल नियंत्रण तकनीकों का प्रदर्शन तथा वैज्ञानिक अपशिष्ट प्रबंधन पर विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए। विशेषज्ञों ने पर्यावरण संरक्षण से जुड़े नवीन नियमों, तकनीकी उन्नयन और आधुनिक अनुसंधानों की जानकारी साझा की। साथ ही प्रतिभागियों को खनिज संपदा के जिम्मेदार दोहन एवं हरित पहल को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए प्रेरित किया गया। समापन अवसर पर खदान में उत्कृष्ट पर्यावरण संरक्षण कार्य करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। आयोजन समिति ने सभी अधिकारियों, श्रमिकों और स्थानीय समुदायों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण व खनिजों का सतत उपयोग केवल सरकारी दायित्व नहीं, बल्कि यह हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह की यह पहल खनन क्षेत्र में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ हरित, सुरक्षित और सतत विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई।

## हाईस्कूल खरथा में गणित परिषद एवं विज्ञान क्लब का गठन



**चारामा।** विद्यार्थियों में गणित और विज्ञान का भय दूर करने एवं रुचि जगाने के उद्देश्य से शासकीय हाई स्कूल खरथा में गणित परिषद एवं विज्ञान क्लब का गठन किया गया। परिषद के अध्यक्ष कुमकुम निषाद, उपाध्यक्ष नंदकिशोर निषाद, सचिव विशाखा साहू, कोषाध्यक्ष अंजलि वर्मा, मीडिया प्रभारी वीर सिंह ठाकुर तथा प्रेमानंद नरेटी सह सचिव चुने गए। इसके अलावा 15 कार्यकारिणी सदस्य भी बनाए गए हैं। परिषद के संरक्षक एवं प्राचार्य आरडी प्रजापति ने सभी सदस्यों को शपथ दिलाई। उन्होंने बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए बताया कि वर्तमान में गणित विषय लेकर पढ़ने वाले विद्यार्थियों की संख्या निरन्तर घट रही है जो बहुत चिंता का विषय है। गणित और विज्ञान का विद्यार्थियों के भविष्य को उज्जवल बनाने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होती है, इससे अनुशासन, तर्कशक्ति और कल्पना शक्ति का विकास होता है, इसलिए उन्होंने रुचि जगाने के लिए गणित महिमा और गणित चालीसा की रचना की है। इस अवसर पर गणित परिषद के संयोजक एसके साहू, सह संयोजक सूर्यकांत कुंभकार, विज्ञान क्लब के नोडल अधिकारी गजेन्द्र कुमार सिन्हा, सहायक नोडल ऊषा राणा, शिक्षक गण रामकली नेताम, एल ध्रुव, वाय घोनमोड़े, केके पम्मार, एलएन विश्वकर्मा तथा सभी विद्यार्थी गण उपस्थित रहे।

## पैराडाइज स्कूल के बच्चों ने ऑक्सीवनऔर लिमदरहा में मनाया बाल दिवस



**कांकेर।** 14 नवम्बर को भूतपूर्व प्रधान मंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिवस को बाल दिवस के रूप में मनाया गया। बाल दिवस के अवसर पर पैराडाइज हायर सेकेण्डरी सीबीएसई स्कूल के नर्सरी से कक्षा 2 तक के बच्चों को ऑक्सी वन का सैर कराया गया। ऑक्सीवन जहाँ बहुत सारे हरे-भरे पेड़-पौधे हैं। जहां शुद्ध हवा स्वच्छ वातावरण मे, इस भ्रमण से बच्चें पेड़ों के नाम, पेड़ हमें क्या प्रदान करते है इनके बारे प्रत्येक्ष रूप से जाना। प्राकृतिक वातावरण में बच्चों ने खेलकूद एवं विभिन्न गतिविधियां कर आनंद प्राप्त किया। इस विजिट का उद्देश्य प्रकृति प्रेम विकसित करना, पेड़ों के महत्व समझाना, स्वच्छ हवा व पर्यावरण का संदेश देना, साथ ही बच्चों को खुले वातावरण में सीखने, खेलने, दौड़ने, झूला झूलने, स्लाइडर में फिसलने, गीत गाने, पोयम सुनाने एवं डांस करने का मौका मिला। बचपन के अपने स्कूली जीवन में उनका एक यादगार और बहुमूल्य पल को अपने शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ बीताने का मौका मिला। कक्षा तीसरी से पांचवी तक के बच्चों ने लिमदरहा मिडवे भ्रमण कर प्रकृति के बीच समय बिताते हुये पेड़-पौधों का हमारे जीवन में महत्व को समझते हुये, पेड़-पौधो को रक्षा करने की शपथ ली। इस कार्यक्रम को आयोजन कराने में प्राचार्य रश्मि रजक, उप प्राचार्य डॉ. श्रेष्ठिता चंद्रा, कोऑर्डिनेटर सुनील कुमार पंडा, कोऑर्डिनेटर अनिल कुमार ढाके, कोऑर्डिनेटर एम भुबनेश्वरी, कोऑर्डिनेटर ऐश्वर्या साहू, के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ शिक्षक प्रीति झा आदि शिक्षकों का योगदान रहा।

**मेले और न्योता भोज में शामिल हुए विधायक नेताम**

## करके देखबो, सीख के रहिबो थीम पर लगा एफएलएन मेला, हुआ न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर



जिले की समस्त 1583 शासकीय प्राथमिक विद्यालयों में एफएलएन मेला का आयोजन किया गया। विकासखण्ड नरहरपुर अन्तर्गत पीएमश्री बालक प्राथमिक शाला सरोना में न्यौता भोज का आयोजन किया गया, जिसमें कांकेर विधायक आशाराम नेताम भी शामिल हुए। उन्होने कहा कि करके देखबो, सीख के रहिबो थीम पर आयोजित मेले से बच्चों को सीखने का अच्छा मौका मिल रहा है।

कलेक्टर निलेश कुमार क्षीरसागर के निर्देशानुसार, एससीईआरटी रायपुर के दिशा-निर्देश और जिला शिक्षा विभाग समग्र शिक्षा कांकेर के मार्गदर्शन में कांकेर जिले मे एफएलएन मेला का आयोजन किया गया। एफएलएन मेला में भाषा गणित, अंग्रेजी एवं बालवाड़ी से संबंधित विभिन्न अवधारणाओं पर आधारित 48 स्टॉलों के बारे में बताया गया। यह सभी स्टॉल बच्चों के लिए रुचिकर और गतिविधियों पर आधारित था। प्रत्येक प्राथमिक विद्यालय में कम से कम 6 स्टॉल लगाना अनिवार्य किया गया था। यह आयोजन पूर्णतया बच्चों के द्वारा ही संचालित था, जिसमें सभी स्टॉलों के प्रभारी विद्यालय के बच्चे थे और सीखने वाले भी बच्चे ही थे। इस प्रकार के आयोजन से बच्चों में स्वयं सीखने का गुण विकसित होता है और बच्चों में आत्मविश्वास के साथ सीखने के प्रति रुचि भी पैदा होती है। एफएलएन मेला के दिन जिले के लगभग 1200 विद्यालयों में शिक्षकों के द्वारा न्योता भोजन का भी आयोजन किया गया।

उल्लेखनीय है कि एफएलएन अर्थात बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में निपुण भारत के अंतर्गत प्राथमिक शिक्षा के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, जिसके अंतर्गत 2026-27 तक कक्षा पहली से तीसरी तक के शत-प्रतिशत बच्चों को आवश्यक भाषाई दक्षता एवं गणितीय दक्षता सीखना अनिवार्य है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, फेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

